**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1346**
**(11 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**बिहार में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्य की समीक्षा**

**1346. श्री सुनील कुमार:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए कार्यों की कोई समीक्षा की गई;

(ख) यदि हां, तो बिहार के वाल्मीकि नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है तथा कितने कार्य अभी भी लंबित हैं ; और

(ग) कार्यों के पूरा होने में देरी के क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क): मंत्रालय द्वारा कार्यनिष्पादन समीक्षा समिति (पीआरसी) की बैठकों , क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों (आरआरएम) तथा पूर्व-अधिकारप्राप्त समितियों/अधिकारप्राप्त समिति की बैठकों (बिहार राज्य सहित) के माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) कार्यों के कार्यान्वयन की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाती है। उपर्युक्त के अलावा , रखरखाव पहलुओं सहित योजना की प्रगति का जायजा लेने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव द्वारा राज्यों (बिहार राज्य सहित) के मुख्य सचिवों/सचिवों के साथ विशेष समीक्षा बैठकें/मासिक समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।

(ख) और (ग): पीएमजीएसवाई के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरा नहीं रखा जाता। वाल्मीकि नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बिहार के पश्चिम चंपारण जिले का एक हिस्सा है। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान (दिनांक 06.02.2025 की स्थिति के अनुसार)

बिहार राज्य के पश्चिम चंपारण जिले में पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित सड़कों की लंबाई का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | वितीय वर्ष | पूरी की गई सड़कों की संख्या | पूरी की गई सड़कों की लंबाई | पूरे किए गए पुलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 6 | 15.41 | 3 |
| 2 | 2022-23 | 9 | 66.79 | 2 |
| 3 | 2023-24 | 2 | 10.15 | 1 |
| 4 | 2024-25 (06.02.2025 की स्थिति के अनुसार) | 5 | 36.89 | 0 |

पीएमजीएसवाई के तहत, बिहार राज्य के पश्चिम चंपारण जिले में 755 सड़कों (2,643.24 कि.मी.) और 34 पुलों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 753 सड़कों (2,551.08 कि.मी.) और 29 पुलों का काम पूरा हो चुका है। वर्तमान में , 2 सड़कें (17.54 कि.मी.) और 5 पुलों का पूरा होना लंबित है। पश्चिम चंपारण जिले में ( 06.02.2025 की स्थिति के अनुसार) घटक-वार लंबित कार्य निम्नानुसार हैं:

| क्र. सं. | घटक | सड़कों की संख्या | सड़क की लंबाई (कि.मी. में) | पुलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएमजीएसवाई -I | 0 | 0 | 0 |
| 2 | पीएमजीएसवाई -II | 0 | 0 | 0 |
| 3 | पीएमजीएसवाई -III | 2 | 17.54 | 5 |

पीएमजीएसवाई-I, II और III को पूरा करने की समय-सीमा मार्च 2025 है।

****